डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ

सेक्टर–11,जानकारीपुरम विस्तार, सीतापुर रोड, लखनऊ, उ0प्र0–226031

पत्रांकः ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / 2024 / 2741 दिनांक 11 जून, 2024

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य
डॉ0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषयः– विश्व योग दिवस–2024 के तत्वाधान में ऑनलाईन 'शपथ–ग्रहण' का 'विश्व कीर्तिमान' स्थापित करने विषयक।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में राज्यपाल सचिवालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या ई–4284 / 32–जी0एस0 / 2023–XXII दिनांकः 11 जून, 2024 के कम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विश्व योग दिवस–2024 के अवसर पर विश्व कीर्तिमान **'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड'** में स्थान प्राप्त करने के लिए संस्थानों में कार्यरत अधिकारियों, शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों, उनके परिवारजनों, अध्ययनरत समस्त छात्र–छात्राओं द्वारा दिनांक 12.06.2024 से 18.06.2024 तक निम्नोक्त वर्णित लिंक के माध्यम से Online Portal पर जाकर Online Pledge 'शपथ ग्रहण' किया जाना है। तत्कम में ऑनलाइन शपथ ग्रहण करने हेतु निम्न प्रकिया का अनुपालन करना होगाः–

- https://rajbhawnyogapledge.in पर जायें।
- शपथ पढ़ने के बाद ड्राप डाउन में से डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ का नाम चुनें।
- अपना नाम दर्ज करें।
- अपना फोन नम्बर दर्ज करें।
- Send OTP क्लिक करें।
- OTP प्राप्त होने पर, OTP दर्ज करें और Verify OTP बटन पर क्लिक करें।
- यदि OTP सही है तो "I Take the Pledge" सक्रिय हो जायेगा।
- " I Take the Pledge" बटन पर क्लिक करें।
- आपको अगले पृष्ठ पर ले जायेगा, जहाँ आप प्रमाण पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

तत्कम में उल्लेखनीय है कि ''ऑनलाइन शपथ ग्रहण'' के संबंध में दोनों तिथियों (12.06.2024 व 18.06.2024) के 12 घंटे पूर्व कमशः दिनांक 11.06.2024 को मध्यान्ह 12.00 बजे से "Start Countdown" व दिनांक 18.06.2024 को मध्यान्ह 12.00 बजे से "End Countdown" आरम्भ किया जायेगा।

निदेशक / प्राचार्यगण अपने संस्थान में शिक्षकों / अधिकारियों / कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के साथ बैठक करके उन्हें परिजनों के साथ ऑनलाईन शपथ लेने हेतु प्रोत्साहित करेंगे। सभी निदेशकगण अपने संस्थान को इस संबंध में निर्देश निर्गत करेंगे व निरन्तर अनुश्रवण करेंगे ताकि अधिक से अधिक जन शपथ ग्रहण कर सकें। सभी निदेशकगण एल्युमिनाई संगठन, शिक्षक संगठन एवं कर्मचारी संगठनों को अपने साथ जोड़े एवं सभी के साथ बैठके करके सभी को अधिक से अधिक संख्या में ऑनलाइन शपथ लेने हेतु प्रोत्साहित करेंगे।

एन0सी0सी0 एवं एन0एस0एस0 कार्यक्रम के अधिकारियों एवं विद्यार्थियों से संवाद किया जाये एवं उन्हें इस सम्बन्ध में प्रेरित किया जायेगा।

अतः आप सभी से अनुरोध है कि तद्वर्णित निर्देशानुसार संस्थान स्तर पर अधिक से अधिक शपथ ग्रहण हेतु संस्थान परिसर में शपथ ग्रहण कार्यक्रम/गोष्ठी का आयोजन कराते हुए एवं शिक्षकों/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों, एन0सी0सी0/एन0एस0एस0, एल्युमिनाई संगठन/स्टूडेन्ट काउंसिल के साथ समन्वय एवं सहयोग स्थापित करते हुए कार्यवाही पूर्ण कर कृत कार्यवाही से अद्योहस्ताक्षरी को अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीया

(रीना सिंह)
कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः तद्दिनांक।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रभारी, ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर Online Pledge संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
2. अधिष्ठाता, स्टूडेन्ट वेलफेयर, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. स्टाफ आफिसर, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(रीना सिंह)
कुलसचिव

ऑनलाइन शपथ ग्रहण करने हेतु निम्न प्रक्रिया का अनुपालन करना होगाः–

- https://rajbhawnyogapledge.in पर जायें।
- शपथ पढ़ने के बाद ड्राप डाउन में से डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ का नाम चुने।
- अपना नाम दर्ज करें।
- अपना फोन नम्बर दर्ज करें।
- Send OTP क्लिक करें।
- OTP प्राप्त होने पर, OTP दर्ज करें और Verify OTP बटन पर क्लिक करें।
- यदि OTP सही है तो " I Take the Pledge" सक्रिय हो जायेगा।
- " I Take the Pledge" बटन पर क्लिक करें।
- आपको अगले पृष्ठ पर ले जायेगा, जहाँ आप प्रमाण पत्र डाउनलोाडकर सकते हैं।

SCAN ME

Scan the above QR Code to go to https://rajbhawanyogapledge.in/ and take Yoga pledge